सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 01.05.2025

लड़का देखने के बहाने घरों में जाकर घरों की रेकी करके चोरी करने वाले 01 शातिर चोर को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार,

कब्जे से चोरी की गयी 01 मोटर साइकिल एवं 01 मोबाइल, नकदी की गयी बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी सैफई के कुशल नेतृत्व में **थाना सैफई पुलिस** द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

वादी सुखवीर पुत्र सतीश चन्द्र निवासी ग्राम काशीपुर थाना सैफई जनपद इटावा द्वारा थाना सैफई पर तहरीरी सूचना दी गई कि दिनांक 27.04.2025 को 01 व्यक्ति अपनी पुत्री का रिश्ता ढूढने के लिये उनके घर पर आया और वादी के भाई को शादी के लिये देखने के उपरान्त पसंद है बताकर रात्रि को उनके घर रुक गया एवं दिनांक 28/29.04.2025 का रात्रि को वादी की मोटर साइकिल, मोबाइल, नकदी चोरी करके भाग गया। जिसके संबंध मे **थाना सैफई पर मु0अ0सं0 79/2025 धारा 305(1) बीएनएस** पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 01.05.2025 की रात्रि को थाना सैफई पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत उसरई पुलिया पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मेवापुर की ओर से 01 मोटर साइकिल आती दिखाई दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया तो मोटर साइकिल सवार मोटर साइकिल को पीछे मोड़कर भागने का प्रयास किया जिसे पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर **उसरई पुलिया के पास से समय 01.29 बजे रात्रि मोटर साइकिल सहित** गिरफ्तार किया गया।

पुलिस पूछताछः-

पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछते हुये उसकी तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 01 मोबाइल फोन व 1,500/- रुपये नकद बरामद हुये। जिसके संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया कि दिनांक 27.04.2025 को थाना सैफई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम काशीपुर से उनका लड़का देखने के बहाने उनके घर में जाकर रेकी कर यह मोबाइल ओर मोटर साइकिल चोरी कर ली थी।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सैफई पर पंजीकृत मु0अ0सं0 79/25 धारा 305(A) में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

1. रामबाबू पुत्र जंगली प्रसाद उर्फ मंगली प्रसाद निवासी खम्हैला थाना झींझक जनपद कानपुर देहात **उम्र 49 वर्ष।**

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 79/2025 धारा 305(A)/317(2) बीएनएस थाना सैफई जनपद इटावा

बरामदगीः-

1. 01 मोटर साइकिल बजाज सीटी-100
2. 01 मोबाइल फोन रेडमी
3. 1,500/- रुपये नकद।

पुलिस टीमः- निरी0 श्री राकेश कुमार शर्मा प्रभारी थाना सैफई, उ0नि0 राजकुमार सिंह, हे0का0 प्रवीण कुमार, का0 सुमित कुमार।